दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 11-09-2025

# सर्वश्रेष्ठ लेखक पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. नवीन लडवाल सम्मानित



जींद. सीआरएसयू में सर्वश्रेष्ठ लेखक पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. नवीन लडवाल को सम्मानित करते हुए।

जींद| सीआरएसयू के वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने सर्वश्रेष्ठ लेखक पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. नवीन लडवाल को सम्मानित किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के शिक्षक यदि शिक्षा, शोध और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं तो यह पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है।

डॉ. नवीन लडवाल की उपलब्धि उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है। युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे डॉ. लडवाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें। रजिस्ट्रार डॉ. लवलीन मोहन ने कहा यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो कुलदीप नारा ने कहा डॉ. लडवाल ने विभाग और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। डॉ. नवीन लडवाल ने कहा यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। मैं इस उपलब्धि को अपने विभाग, सहकर्मियों और विद्यार्थियों को समर्पित करता हूं जिन्होंने मुझे सदैव सहयोग और प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रवीन गहलावत, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. रोहित और डॉ. जगपाल मान भी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 11-09-2025

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा सुमति ने नेट की परीक्षा में 41वां रैंक प्राप्त किया



जींद| सीआरएसयू में जूलॉजी विभाग की एमएससी की सुमति, जो वर्तमान में एमएससी के तीसरे सेमेस्टर में पढ़ाई कर रही हैं, ने यूजीसी/सीएसआईआर/नेट- 2025 की परीक्षा में जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) क्वालीफाई किया है। पहले प्रयास में ही 41वां ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है। वीसी प्रो. रामपाल सैनी, चेयरपर्सन प्रो. आनंद कुमार, विभाग प्रभारी डॉ. सुनील रोहिल्ला, डॉ. संजय श्योराण और समस्त स्टाफ ने सुमति को बधाई दी। इस मौके पर प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सुमति को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना की। कहा कि सुमति की उपलब्धि इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यहां के छात्र न केवल अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि वे देशभर में उच्चतम रैंक प्राप्त करने में भी सक्षम हैं।

पंजाब केसरी

Date – 11/09/2025

# डॉ. नवीन लडवाल को मिला बैस्ट एंकर अवार्ड

जींद, 10 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलगुरु प्रो. डॉक्टर रामपाल सैनी ने बैस्ट एंकर अवार्ड प्राप्त करने पर डॉ. नवीन लडवाल को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक यदि शिक्षा, शोध और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं तो यह पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है।

डॉ. नवीन लडवाल की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह हमारे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाती है। युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे डॉ. लडवाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. लवलीन मोहन ने कहा कि डॉ. नवीन लडवाल की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। ऐसे सम्मान हमारे शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमता और शोध कार्य के उच्च स्तर को दर्शाते हैं। यह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. कुलदीप नारा ने कहा कि डॉ. नवीन लडवाल ने विभाग और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनके निरंतर प्रयास और शोधपरक दृष्टिकोण से विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी। विभाग सदैव ऐसे उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

डॉ. नवीन लडवाल, सहायक प्रोफैसर, शारीरिक शिक्षा विभाग ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। मैं इस उपलब्धि को अपने विभाग, सहकर्मियों और विद्यार्थियों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने मुझे सदैव सहयोग और प्रोत्साहन दिया। आगे भी मैं शिक्षा और शोध कार्यों में पूरी निष्ठा से योगदान देने का प्रयास करता रहूंगा।

डॉ. नवीन लडवाल को उनकी शैक्षणिक एवं साहित्यिक उपलब्धियों के लिए आई.बी.जे. एजुकेशनल अवार्ड 2025 के अंतर्गत बैस्ट एंकर अवार्ड से 7 सितम्बर 2025 को सम्मानित किया गया।

उन्होंने अब तक 12 पुस्तकों का प्रकाशन किया है तथा लगभग 55 शोध-पत्र विभिन्न शोध पत्रिकाओं एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत एवं प्रकाशित किए हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अन्य प्राध्यापक डॉ. प्रवीन गहलावत, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. रोहित और डॉ. जगपाल मान भी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

Date – 11/09/2025

# बेहतर लेखन पर मिले पुरस्कार के लिए लडवाल सम्मानित



डा . नवीन लडवाल को सम्मित करते वीसी प्रोफेसर डा . आरीपी सैनी ● सौ. विवि

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . रामपाल सैनी ने सर्वोत्तम लेखक पुरस्कार प्राप्त करने पर डा . नवीन लडवाल को सम्मानित किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक यदि शिक्षा, शोध और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं तो यह पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। डा . नवीन लडवाल की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह हमारे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाती है । युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे डा . लडवाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें । रजिस्ट्रार डा . लवलीन मोहन ने कहा कि डा . नवीन लडवाल की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है । ऐसे सम्मान हमारे शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमता और शोध कार्य के उच्च स्तर को दर्शाते हैं । यह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है ।

अमर उजाला

Date – 11/09/2025

# श्रेष्ठ लेखक पुरस्कार मिलने पर नवीन सम्मानित



डॉ. नवीन को सम्मानित करते कुलपति डॉ. रामपाल सैनी और अन्य। स्रोत : विवि

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने सर्वश्रेष्ठ लेखक पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. नवीन लडवाल को सम्मानित किया। कुलपति डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि डॉ. नवीन लडवाल की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह हमारे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख को भी नई ऊंचाईयों तक ले जाती है। युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे डॉ. लडवाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें। कुलसचिव डॉ. लवलीन मोहन ने कहा कि डॉ. नवीन लडवाल की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर डॉ. प्रवीन गहलावत, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. रोहित और डॉ. जगपाल मान मौजूद रहे। संवाद

**Hari Bhoomi** Date – 11/09/2025

# छात्रा सुमति ने जेआरएफ किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के जूलॉजी विभाग की एमएससी (मास्टर ऑफ साइंस) की छात्रा सुमति जो वर्तमान में एमएससी के तीसरे सेमेस्टर में पढ़ाई कर रही हैं ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने यूजीसी सीएसआईआर नेट 2025 की परीक्षा में जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) क्वालीफाई किया है और पहले प्रयास में ही एआईआर (ऑल इंडिया रैंक 41) प्राप्त की है। सीआरएसयू के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी, चेयरपर्सन प्रो. आनंद कुमार, विभाग प्रभारी डा. सुनील रोहिल्ला, डा. संजय श्योराण और समस्त स्टाफ ने सुमति को हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के समर्पित स्टाफ की मेहनत का परिणाम है, जो इस क्षेत्र में छात्रों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



जींद। छात्रा को मिठाई खिलाते कुलगुरु। फोटो :हरिभूमि

## सरकार ने जारी किया ये आदेश

प्रो. रामपाल सैनी ने यह भी बताया कि एमएससी जूलॉजी का कोर्स केवल दो साल पहले विवि में शुरू हुआ था। उस समय इसे एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आज सुमति की सफलता ने इसे साबित कर दिया है कि सीआरएसयू में एक सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायक माहौल है, जहां छात्र अपनी मेहनत और लगन से प्रगति कर रहे हैं।

**Date – 11/09/2025**



# डा. नवीन को बेस्ट एंकर अवार्ड मिला

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने बेस्ट एंकर अवार्ड प्राप्त करने पर डा. नवीन लडवाल को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विवि के शिक्षक यदि शिक्षा, शोध और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं तो यह पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। डा. नवीन लडवाल की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह हमारे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाती है। युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे डा. लडवाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. लवलीन मोहन ने कहा कि डा. नवीन लडवाल की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। ऐसे सम्मान हमारे शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमता और शोध कार्य के उच्च स्तर को दर्शाते हैं। यह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ कुलदीप नारा ने कहा कि डा. नवीन लडवाल ने विभाग और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।